हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

बिलासपुर, मंगलवार, 2 सितम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली विशाल रैली





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


## महामाया पहाड़ी स्थित गणपति धाम में महाआरती, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ आस्था और परंपरा से जुड़ा गणपति धाम बना भक्ति का केंद्र

शहर के महामाया पहाड़ी स्थित हाथी पखना गणपति धाम में भव्य महाआरती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। भगवान गणेश की दिव्य प्रतिमा के समक्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर आराधना की। इस महाआरती में महाआरती में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, आईजी दीपक कुमार झा, अध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लोभी शामिल हुए।

महाआरती से पूर्व ऑर्केस्ट्रा टीम द्वारा गणपति बप्पा की महिमा पर आधारित कई भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए। इन गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया। महाआरती के समय धाम परिसर में गगनभेदी घोष, शंखनाद और घंटा-घड़ियालों की ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। दीप प्रज्वलन और आरती की अलौकिक छटा ने समूचे स्थल को आस्था और भक्ति का अद्वितीय केंद्र बना दिया। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति भाव से भगवान गणपति बप्पा की आरती उतारी और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। महाआरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हाथी पखना गणपति धाम की महिमा और मान्यता पुराने समय से जुड़ी हुई है। यह धाम न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि स्थानीय इतिहास और परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि हाथी पखना गणपति धाम धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व का अद्वितीय संगम है। यहां माँ महामाया (गौरी) के प्राचीन मंदिर के साथ स्वयंभू गणेश प्रतिमा विराजमान है। 2023 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना ट्रस्ट द्वारा स्थायी मंदिर और प्रतिमा की स्थापना की गई, जिसे मार्च 2024 में गणपति धाम के रूप में आधिकारिक मान्यता भी मिली। गणेश चतुर्थी पर यहाँ दस दिवसीय महोत्सव, भजन-कीर्तन, भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। अरुणा सिंह, एचएस जायसवाल, सुधीर सिंह, राजीव अग्रवाल, नीलेश सिंह, गोल्डी बिहाड़े, द्वितेन्द्र मिश्रा, जन्मेजय मिश्रा, रूपेश दुबे, संतोष दास, विकास पाण्डेय, जितेंद्र सोनी, शशिकांत जायसवाल, शरद सिन्हा, अंशुल श्रीवास्तव, अनीश सिंह, जतीन परमार, मैंगो यादव, प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





भगवान गणेश की आरती करते आईजी दीपक झा, महापौर मंजूषा भगत, आदितेश्वर शरण सिंहदेव व अन्य वरिष्ठ नागरिक।

### उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

## छात्रावास में लकड़ी काट रहा था भृत्य कुल्हाड़ी लगने से छात्र के पैर की नस कटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ जरहाडीह छात्रावास का मामला

बलरामपुर जिला मुख्यालय से लगे जरहाडीह बालक छात्रावास में लकड़ी काटते समय एक मासूम छात्र हादसे का शिकार हो गया। लकड़ी काटने के दौरान कुल्हाड़ी बच्चे के पैर में लग गई और उसके घुटने के पीछे की नस कट गई। नस कटने से बच्चा गंभीर हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से छात्र को रिफर कर दिया गया था। अंबिकापुर पहुंचने से पहले छात्र ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। एसी ट्राइबल ने मामले में जांच के निर्देश दिए है। पुलिस द्वारा मामले में शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना से परिजन सदमे में है।

बताया जा रहा रहा है कि बलरामपुर क्षेत्र के ग्राम बसकेपी निवासी 9 वर्षीय अभय कच्छप आ. साहिबा कच्छप जारहाडीह स्थित आदिवासी बालक आश्रम में रहकर कक्षा 4थी में पढ़ाई करता था। रविवार को छात्रावास में खाना खाने के बाद कुछ बच्चे खेल रहे थे और कुछ बच्चे टीवी देख रहे थे। इसी दौरान अस्पताल का भृत्य परिसर में टांगी लेकर लकड़ी काटने का काम कर रहा था। लकड़ी काटने के दौरान ही दो छात्र खेलते हुए लकड़ी काटने वाले स्थान पर पहुंच गए। खेल खेल में के बच्चे ने अभय कच्छप को धक्का दे दिया और जैसे ही छात्र गिरा उसी समय भृत्य ने भी कुल्हाड़ी घुमा दिया। कुल्हाड़ी अभय कच्छप के घुटने के पीछे की तरफ लगा और पैर की नस कट गई। गुटने के समीप पैर की नस कटने से बच्चा खून से लथपथ हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आनन फानन में बच्चे को छात्रावास अधीक्षक ने अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया और इस घटना की जानकारी छात्र के परिजन को दी। सूचना मिलने के बाद बच्चे का पिता भी अस्पताल पहुंचा था। इस दौरान बच्चे को प्रारंभिक उपचार के बाद अंबिकापुर रिफर कर दिया गया था। अधीक्षक जब बच्चे को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।



जरहाडीह छात्रावास का मृत छात्र।

### छात्रावास में भी लापरवाही

बालक छात्रवास में भी इस घटना के बाद बड़ी लापरवाही सामने आई है। छात्रवास में बच्चों के सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां के प्रभारी की होती है। हॉस्टल में बच्चे असुरक्षित स्थान पर खेल रहे थे। इसके साथ ही कर्मचारी भी बेपरवाह होकर लकड़ी काटने का काम कर रहे थे जिससे यह घटना हुई। अब इस मामले में एसी ट्राइबल ने जांच व दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के निर्देश दे दिए है।

### अस्पताल से नहीं मिला एंबुलेंस

इस मामले में बड़ी बात यह है कि बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सक बच्चे के पैर से हो रहे ब्लीडिंग को भी नहीं रोक पाए। इसके साथ ही जब बच्चे को रिफर किया गया तो एंबुलेंस की वयवस्था नहीं की गई है। गंभीर बच्चे को छात्रावास अधीक्षक के भरोसे छोड़ दिया गया। छात्रवास अधीक्षक बच्चे को लेकर अपनी निजी चार पहिया वाहन से अंबिकापुर के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में बच्चे के पैर से ब्लीडिंग होने लगी तो उन्हें वापस लौटना पड़ा। जिला अस्पताल में फिर से ड्रेसिंग कराने के बाद वे अंबिकापुर के लिए रवाना हुए थे लेकिन रास्ते में बच्चे की अत्यधिक रक्त स्त्राव के कारण मौत हो गई। यदि बच्चे को एंबुलेंस से प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के साथ रिफर किया गया होता तो शायद समय रहते बच्चे की जान बचाई जा सकती थी।

### एफआईआर के निर्देश

इस घटना की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए गये है और दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के लिए कहा गया है। बच्चे के परिजन को भी विभाग की ओर से पूरी सहायता की जा रही है। जांच के बाद इस मामले में कार्रवाई होगी।

-**समीक्षा जायसवाल**, एसी ट्राइबल बलरामपुर

### नोटिस जारी

अस्पताल से एंबुलेंस की व्यवस्था की जानी चाहिए थे। इस मामले में नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-**डॉ. बसंत सिंह**, सीएमएचओ



## लाख कोशिशों के बाद भी थम नहीं रहा रेत का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

■ बारिश के दौरान आसमान छूने लगी रेत की कीमतें, बेखौफ हो रहा अवैध भंडारण

बगैर अनुमति के क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन जारी है। प्रशासन के लाख कोशिशों के बाद भी रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। रेत माफिया नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बेखौफ होकर नदी से अवैध रेत खनन एवं परिवहन कर रहे है इसके साथ ही बड़े पैमाने पर रेत का भंडारण कर उसकी मोटी कीमतों में बिक्री की जा रही है। प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहे अवैध रेत खनन एवं परिवहन का ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए अधिकारियों से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

गौरतलब है कि बारिश थमते ही क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी से रेत खनन एवं परिवहन को लेकर रेत माफिया सक्रिय हो गए हैं। 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन और परिवहन पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी रेत माफिया मांड नदी से रेत खनन एवं परिवहन में युद्धस्तर पर जुट गए है। ताजा मामला ग्राम केशला भिठुवा नावापारा मंगरेलगढ़ स्थित मांड नदी से सामने आया है जहां रेत माफियाओं के शह पर दर्जनों ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत खनन एवं परिवहन में लगे हुए है। पूर्व में प्रशासन द्वारा दिखाई गई सख्ती के बाद रेत माफिया ठंडे पड़ गए थे। लगातार बारिश की वजह से भी रेत खनन एवं परिवहन थम गया था लेकिन बारिश रुकते ही माफिया फिर से मांड नदी में सक्रिय हो गए और फिर से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन युद्धस्तर पर जारी कर दिया ताकि ज्यादा मात्रा में रेत का भंडारण करते हुए बारिश के दौरान होने वाली किल्लत के दौरान भरपूर लाभ कमाया जा सके। हैरत की बात तो ये है कि ये सारा काम बिना पिट पास के क्षेत्र में विगत लंबे समय से चल रहा है। यह बात अधिकारियों के संज्ञान में होने के बाद भी इसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होना अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े करता है। मांड नदी से अवैध रेत खनन को लेकर मांड नदी के किनारे बसे लोग काफी आक्रोशित है।उन्होंने रेत खनन को नदी के अस्तित्व के लिए खतरा बताते हुए रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अवैध रेत खनन से नदी का स्वरूप बदलने लगा है। जिसकी वजह से नदी में कटाव तेजी से बढ़ता जा रहा है।इसके अलावा नदी में हो रहे अंधाधुंध खनन से कई जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए है।

### रेत की कीमतों में आया तेज उछाल

बारिश के दिनों ने रेत की होने वाली किल्लत की वजह से रेत के दाम आसमान छूने लगे हैं। जिसका फायदा उठाते हुए रेत कारोबारी भरपूर लाभ कमा रहे है। किल्लत के देखते हुए रेत कारोबारी भंडारण क्षेत्र में बारिश से पूर्व भारी मात्रा में रेत का स्टॉक जमा कर लेते है इसके लिए रेत कारोबारी शासन द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंध की भी परवाह नही करते है और बिना पिट पास के नदी नालों से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन को अंजाम देने लग जाते है। प्रतिबंध के बाद भी नदी नालों से अवैध रेत खनन एवं परिवहन कर उसे कैसे भंडारित किया जाता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है ग्राम सोनतराई में नेशनल हाईवे के किनारे किया जा रहा रेत का अवैध भंडारण जो विगत काफी दिनों से सुर्खियों में है। लोगों का कहना है कि प्रतिबंध के बाद भी यहाँ हो रहे रेत का भंडारण यह दर्शाता है कि रेत कारोबारी पर अधिकारी कितने मेहरबान है। इस संबंध में खनिज निरीक्षक नेहा टंडन ने बताया कि इस मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### खबर संक्षेप

#### बाढ़ से बचाव परिदृश्य पर बैठक आज, मॉक ड्रिल कल

**बलरामपुर**। जिले में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने एवं संभावित बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के उद्देश्य से सीएसएसआर बाढ़ बचाव परिदृश्य पर 2 सितंबर को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात आयोजित किया गया है। साथ ही 3 सितम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से तातापानी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। गौरतलब है कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा अपर कलेक्टर आरएन. पाण्डेय व जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी शिवकुमार कठौतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

#### मेमू की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिश्रामपुर**। अंबिकापुर-शहडोल मेमू ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम रामनगर निवासी 35 वर्षीय केश्वर सिंह पिता राम सिंह सोमवार की शाम कुमदा बस्ती रेलवे पोल नंबर 1017/9 के पास अंबिकापुर-शहडोल मेमू ट्रेन की चपेट में आ गया,युवक के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई है,सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच विवेचना शुरू कर दी है।



## भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल और तेजस्वी का पुतला

**अंबिकापुर**। बिहार के दरभंगा में कांग्रेस व यूपीए की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माता को अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली देने को लेकर सोमवार को भाजयुमो सरगुजा ने स्थानीय घड़ी चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजयुमो जिला महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए कांग्रेसियों द्वारा प्रयोग किए गए अपशब्द किसी भी स्थिति में क्षमा योग्य नहीं है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव ने अब तक इस घटना पर न तो खेद जताया न ही माफ़ी मांगी। भाजयुमो इस घटना की कड़ी निंदा करती है तथा कांग्रेस से सार्वजनिक माफ़ी की मांग करती है। समलाया मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब गाली वाली कांग्रेस बनकर रह गयी है, ऐसी चरित्रहीन कांग्रेस का सफाया करके आम जनता इन्हें सबक सिखाएगी। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, संदीप सोनी, उमेश अग्रवाल, किजल किशोर पंड्या, आकाश गुप्ता, दिनेश शुक्ला, गौतम विश्वक्रमा, अजय सोनी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती मधु चौदहा, श्रीमती सोनू तिग्गा, नीलम रजवाड़े, सरिता जायसवाल, आशा शुक्ला, प्रियंका चौबे, अर्चना वर्मा, सुनीता, संजीव वर्मा, अमोघ कश्यप, रोचक गुप्ता, विकाश शुक्ला, अभिनंदन सिंह, मार्कण्डेय तिवारी आदि मौजूद थे।



### कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद, महापौर व अन्य हुए शामिल

## सैनिक स्कूल में मनाया गया 17वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को प्रदेश के इकलौते सैनिक स्कूल का 17 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज और विधायक शामिल हुए। इस दौरान स्कूल के कैडेट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने विद्यालय से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल अनुशासन और शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की नींव भी है। उन्होंने कैडेट्स को देशभक्ति, समर्पण और नेतृत्व के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री श्री नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ओर से सैनिक स्कूल के लिए तीन योजनाओं- विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, आधुनिक इनडोर एरेना का निर्माण तथा हॉकी में कैडेट्स की प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निखारने हेतु ⏭ शेष पेज 4 पर



### एनडीए में हासिल की सफलता

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या कर्नल रीमा सोबती ने विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूल के पूर्व कैडेट खिलानंद साहू ने एनडीए रैंक 1 और अनिमेष कुजूर ने एशिया के नम्बर 1 एथलीट सैनिक स्कूल और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विभिन्न सदनों को उनकी वार्षिक उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया गया। मानेकशा सदन को खेलों में सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार प्राप्त हुआ, जबकि अरिहंत सदन को सर्वश्रेष्ठ कनिष्ठ सदन के रूप में सम्मानित किया गया। अर्जन सिंह सदन को शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ सदन घोषित किया गया। अर्जन सिंह सदन ने प्रतिष्ठित एनडीए ट्रॉफी भी अपने नाम की, जो राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में चयन हेतु सर्वाधिक कैडेट्स भेजने वाले सदन को प्रदान की जाती है। मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्री नेताम के हाथों अर्जन सिंह सदन के हाउस मास्टर शशिकांत ने सर्वश्रेष्ठ सदन की ट्रॉफी प्राप्त की। समारोह में सामाजिक विज्ञान के अध्यापक एवं एनसीसी एएनओ शिवेश राय एवं सैनिक स्कूल के संस्थापक सदस्यों में से एक हिंदी के अध्यापक रवीन्द्र तिवारी को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।




## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने बिहान की दीदियों को सराहा

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में महिलाओं की आजीविका और सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाले रेडियो प्रसारण दीदी के गोठ का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की दीदियों की सफलता की कहानियों पर आधारित है, जिसका शुभारंभ रायपुर से किया गया। दीदी के गोठ का यह प्रसारण ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और आजीविका संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### जिले में वर्षा औसत 3.25 मिमी दर्ज की गई

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा एमसीबी द्वारा जारी वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार जिले में औसतन 3.25 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की विभिन्न तहसीलों की वर्षा में सबसे अधिक वर्षा कोटाडोल तहसील में 18.0 मिमी और भरतपुर तहसील में 1.5 मिमी दर्ज की गई, जबकि अन्य तहसील मनेन्द्रगढ़, खड़गवां, चिरमिरी और केल्हारी में वर्षा शून्य रही। 1 जून से आज तक जिले में कुल औसतन 881.22 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### पंचवटी वाटिका परिसर में पौधरोपण



**मनेन्द्रगढ़।** वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण के द्वारा सिद्धबाबा पंचवटी वाटिका परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रीन वैली के सदस्य उपस्थित रहे। कुल पांच पौधे लगाए गए, इनमें कदम, आम, अमरूद, नीम और शीशम जैसे छायादार एवं फलदार वृक्ष शामिल रहे। क्लब की अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने बताया कि लगाए गए पौधे न केवल छाया प्रदान करेंगे बल्कि फल भी देंगे। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य पंच वाटिका की सुंदरता बनाए रखना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे उपयोगी और पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए जाएंगे।

### मांगों को लेकर जमकर की नारेबाजी

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली विशाल रैली






आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने निकाली विशाल रैली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में सोमवार को जिलेभर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के संयुक्त मंच छग के कोरिया ईकाई द्वारा उक्त संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के द्वारा अपनी मांगों को लेकर स्थानीय प्रेमाबाग मंदिर परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया।

रैली को संघ के पदाधिकारियों के द्वारा संबोधित कर सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने को लेकर आवाज उठाई, इसके पश्चात जिलेभर से आए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के द्वारा धरना स्थल से विशाल रैली प्रेमाबाग कॉलोनी होते हुए जनपद तिराहा होते रैली निकाल कर अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया। आयोजित प्रदर्शन में काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका शामिल रहे। इनके एक दिवसीय हड़ताल के कारण जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में ताले लटकते रहे।

## दो दिन से अंधेरे में रहवासी, सड़कों पर उतरे लोग



**कोरिया कॉलरी।** एसईसीएल द्वारा वार्ड क्रमांक 8 की बिजली काट दिए जाने से मोहल्लेवासी दो दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली गुल होने से परेशान नागरिक सोमवार को सड़कों पर उतर आए और जमकर प्रदर्शन किया। कोरिया कॉलरी की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से एसईसीएल पर निर्भर है। कंपनी द्वारा वार्ड 8 की सप्लाई रोक दिए जाने से लोगों के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। नागरिकों में आशंका है कि यदि कंपनी पूरे क्षेत्र की बिजली काट ले तो हालात और भी खराब हो जाएंगे। घटना की जानकारी मिलते ही कोरिया नगर पालिका के महापौर रामनरेश राय मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनीं। हालांकि तत्काल राहत देने में वे असमर्थ दिखे, लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही छग राज्य विद्युत मंडल से वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। एसईसीएल से जुड़े जानकारों का कहना है कि पहले यह मोहल्ला कंपनी का बैंकर कॉलोनी होने के कारण बिजली सप्लाई पा रहा था, लेकिन बैंकर हट जाने और रेलवे मार्ग को बिना अनुमति पार करने की दिक्कत के चलते सप्लाई काटी गई है। अचानक बिजली कटौती से लोगों का गुस्सा भड़क उठा। नाराज मोहल्लेवासी घरों से निकलकर सड़कों पर बैठ गए और बिजली दो-बिजली दो के नारे लगाते हुए मार्ग जाम कर दिया।

# अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग, वाहन जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी





जला वाहन।

नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 13 स्थित व्हीटीसी कॉलोनी में रविवार की देर रात सनसनीखेज वारदात सामने आई। आधी रात करीब 2:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर के सामने खड़ी नैनो कार में आग लगा दी। अचानक उठती लपटों और धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और पूरी तरह राख में तब्दील हो गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना चरचा पुलिस को दी। गनीमत रही कि जलती कार के पास खड़ी अन्य दो-तीन गाड़ियां सुरक्षित बच गईं। वाहन मालिक ने बताया कि रोज की तरह गाड़ी घर के सामने खड़ी की गई थी, लेकिन जब पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाकर जानकारी दी, तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। उन्होंने इस घटना को असामाजिक तत्वों की करतूत बताते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। मोहल्लेवासियों ने बताया कि रविवार की रात व्हीटीसी चौक में गणेश पूजा के अवसर पर जगराता का आयोजन था। इसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए थे। इसी दौरान मौका पाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस बल की ड्यूटी जगराता में लगी थी और पेट्रोलिंग पार्टी रात में गश्त पर नहीं थी, जिससे आरोपी आसानी से फरार हो गया।

# संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा संतान सप्तमी व्रत



पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं।

**बिजुरी।** कोयलांचल नगरी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर शनिवार 30 अगस्त को श्रद्धा और आस्था के साथ संतान सप्तमी व्रत का आयोजन किया गया।

महिलाओं ने अपने संतान की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए यह व्रत रखा। सुबह से ही नगर के मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रतधारी महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार स्नान-ध्यान कर व्रत का संकल्प लिया और भगवान सूर्यदेव तथा संतान गोपाल की पूजा-अर्चना की। जगह-जगह पूजा-अर्चना और कथा श्रवण का आयोजन हुआ। इसमें धर्मगुरुओं ने संतान सप्तमी व्रत के महत्व और इसकी कथा सुनाई। महिलाओं ने संध्या के समय सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और संतान के मंगल भविष्य की प्रार्थना की।

## बिजुरी बना अवैध कारोबारियों का अड्डा

**बिजुरी।** थानाक्षेत्र बिजुरी में इन दिनों अवैध कारोबारियों का बोलबाला है। स्थिति यह है कि विभिन्न नदी घाटों से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन खुलेआम किया जा रहा है।

रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर-हाइवा रेत से भरकर नगर की गलियों और मुख्य मार्गों से गुजरते हैं। नतीजतन पूरे इलाके में अवैध कारोबार की धमक साफ सुनाई देती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अवैध रेत से भरे वाहन दिन-रात बेकाबू होकर दौड़ते हैं। न तो यातायात नियमों की परवाह की जाती है और न ही सड़क सुरक्षा का ख्याल रखा जाता है। कई बार ऐसे वाहन दुर्घटनाओं को न्योता देते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इसे नजर अंदाज कर रहे हैं।

## चहुंओर फैली हरियाली...



**बैकुण्ठपुर।** सावन बीतने के बाद भादों में बारिश की गतिविधि धीमी हो गई, लेकिन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित खेतों में धान फसल की हरियाली चहुंओर फैली हुई है, जिसका नयनाभिराम नजारा सबको अपनी ओर आकर्षिक करता है।

## जनमानस को जागरूकता करने साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित समाज में शिक्षा पर केन्द्र प्रायोजित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। इस योजना के पांच घटक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यवसायिक कौशल, सतत शिक्षा है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जनमानस का ध्यान करने व सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 1 से 8 सितंबर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

# संगम यूनिवर्सल स्कूल में कहानी व कविता स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



बच्चों को साहित्य से जोड़ने और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में कहानी व कविता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट जगदीश पाठक, साहित्यकार सतीश उपाध्याय व साहित्यकार रामचरित द्विवेदी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की शैली को निखारते हैं। कार्यक्रम में दो वर्गों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राइमरी ग्रुप (कक्षा 1 से 5) के बच्चों ने अपनी कल्पनाशील कविताओं व कहानियों से सबका मन मोह लिया। वहीं सीनियर ग्रुप (कक्षा 6 से 12) के विद्यार्थियों ने समाज, शिक्षा, पर्यावरण और जीवन-मूल्य जैसे विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर गहरी छाप छोड़ी। कहानी में काजल मलिक प्रथम, श्रेया द्वितीय, आयुषी सिंह तृतीय, अनमोल पासवान चतुर्थ रही।

इसी तरह कविता में प्रिंसी प्रथम, आर्य द्वितीय एवं आदित्य तृतीय रही। माध्यमिक स्तर कहानी में प्रार्थना मिंज प्रथम, नैतिक द्वितीय, प्रियांशी अग्रवाल तृतीय रही। कविता में वेदिका तिवारी प्रथम, अंशिका द्वितीय, ज्योति तिवारी तृतीय रही। ग्रुप प्रतियोगिता में कहानी में अशोक, शिवाजी, रमन व टैगोर ग्रुप ए विजेता रहे, जबकि कविता में रमन, अशोक और शिवाजी ग्रुप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल डायरेक्टर राजकुमार पांडेय ने कहा कि साहित्यिक गतिविधियां बच्चों की रुचि और सोच को नई दिशा देती हैं, ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ साहित्य के प्रति लगाव भी गहराता है।

## आदि कर्मयोगी अभियान : मास्टर ट्रेनिंग का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में आदि कर्मयोगी अभियान के जिला प्रभारी अधिकारी प्रमोद कुमार की मौजूदगी में ब्लॉक स्तर मास्टर ट्रेनर का तीन दिवसीय रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम आयोजित किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, श्रीमती ऊषा लकड़ा ने बताया कि यह प्रशिक्षण 3 सितंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विभागों के 15 कर्मचारी और 2 एनजीओ को ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले के 154 ग्रामों का चयन किया गया है, जहां बुनियादी सुविधाओं और सरकार की 25 योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिला स्तर व ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तत्पश्चात इसके बाद, ग्रामीण स्वयंसेवकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। जिला प्रभारी अधिकारी प्रमोद कुमार ने मास्टर ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन जनजाति परिवारों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के यह अभियान चलाया जा रहा है।

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ? वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनॉक -: 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे ।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरखपुर, अम्बिकापुर

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -31 अगस्त 2025
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम.बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355


बाबा इलेवन गणेश सेवा समिति मणिपुर।


बाल गंगाधर तिलक गणेश पूजन समिति गांधी चौक सलका अधिना।


श्री नवयुवक गणेश पूजा समिति नवापारा, सूरजपुर।


गणेश पूजा समिति पावर हाउस रोड रामानुजगंज।

## खबर संक्षेप

### तिलक तीसरी बार बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



**सीतापुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा अध्यक्ष के चुनाव हेतु पूर्व मंत्री आवास में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तिलक बेहरा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में तिलक बेहरा तीसरी बार निर्विरोध ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष का चुनाव संपन्न होने के बाद तिलक बेहरा ने कहा कि संगठन ने जिस भरोसे के साथ उन्हें तीसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी है उसे वो कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं के दम पर पूरा करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार सभी के सलाह मशविरा से किया जायेगा ताकि संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शिव भरोष बेक, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर, जनपद सदस्य सुशील सिंह मरावी, संदीप गुप्ता, बदरुद्दीन इराकी, सुरेंद्र अग्रवाल, पार्षद अंकुर दास, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गुप्ता, जयभगवान अग्रवाल, रिंकू गुप्ता, शिवनारायण पांडेय, रामप्रताप गोयल, शिव गुप्ता, सुखदेव भगत, नागेश्वर भगत, मनसुख राम, दिलेश तिग्गा, राहुल गुप्ता, इमरान खान आदि मौजूद थे।

### मंडल कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



**लखनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित रेडियो कार्यक्रम मन की बात का श्रवण रविवार को लखनपुर मंडल दिनेश बारी के नेतृत्व में बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के निवास पर मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना और उससे प्रेरणा प्राप्त की। मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने कहा कि मन की बात केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि यह भारत की संस्कृति, परंपरा और जनता की आकांक्षाओं से जुड़ने का एक सशक्त मंच है। इससे प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रहित में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में राजेन्द्र जयसवाल, दिनेश साहू, रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सचिन बंसल, महेश्वर राजवाड़े, सुरेश जयसवाल, राहुल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, लक्ष्मण साहू, शिवराज सिंह, सुरेश साहू, अमित बारी, सचिन बारी, सुरेन्द्र साहू, विनेश खलखो, कृष्णा गुप्ता, बसंत गुप्ता, निशांत गुप्ता, रामसागर साहू, महमूद अली, चेतन राजवाड़े, सुखदेव अग्रवाल, गोल्डी अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, चेतन राजवाड़े सहित अन्य मौजूद थे।

### सोनी को आरटीआई पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड



**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को आरटीआई पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया है। उन्हें यह अवार्ड पंजाब के राज्यपाल के हाथों मिला है। बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डीके सोनी द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं। तथा कई जनहित याचिका के माध्यम से भी जनहित के कार्यों को करते हैं। डॉ. सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं। इसी कड़ी में पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में मैत्री पीस फाउंडेशन द्वारा इंटरनेशनल बुधा पीस अवार्ड का आयोजन किया गया। इस अवार्ड समारोह में विभिन्न क्षेत्रो में काम करने वाले सिर्फ 30 लोगों का चयन किया गया।

## सोलर पंप टंकी फटी, महीनों से खराब सोलर पंप

# ग्राम पंचायत गोविंदपुर में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- उप स्वास्थ्य केन्द्र के मरीजों की बढ़ी परेशानी

ग्राम पंचायत गोविंदपुर के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पंचायत के सोसायटी पारा स्थित टंकी फटने तथा पीपर पारा में सोलर पंप के खराब होने से क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या तो है ही वही सोसायटी पारा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र आने वाले मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हैरानी की बात तो है कि टंकी फटने तथा सोलर पंप खराब हुए माह भर से अधिक हो गए लेकिन आज तक मरम्मत नही हो सकी। ऐसे में लोग हैंडपंप व कुआं के पानी से निस्तारण करने को मजबूर है।

ग्राम पंचायत गोविंदपुर सोसायटी पारा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र के समीप हैंडपंप में सोलर पंप लगाया गया है और पानी टंकी से उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित मोहल्ले के लोग पानी का उपयोग पेयजल के लिए करते है। कुछ दिनों पूर्व ही सोलर पंप की पानी टंकी फट गई जिससे पेयजल की सप्लाई ठप हो गई है। ऐसे में उप स्वास्थ्य केन्द्र आने वाली प्रसूताओं को पानी के लिए तरसना पड़ता है। इधर मोहल्लेवासी भी पेयजल के लिए दर दर भटकने को मजबूर है। स्थिति इतनी खराब है कि इलाज कराने आए मरीजों को पानी तक नसीब नहीं होता। यही नहीं पंचायत के पीपल पारा का सोलर पंप भी पिछले छह महीनों से खराब पड़ा है जिससे क्षेत्र के ग्रामीण भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे अब ग्रामीणों को बरसात के मौसम में भी पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।


खराब पम्प व क्षतिग्रस्त पानी टंकी।

ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप में सोलर पंप लगाया गया है परंतु सोलर पंप भी लंबे समय से खराब है जिससे हैंडपंप अनुपयोगी हो गया है। ऐसे में क्षेत्र के लोग कुआं या दूसरे पंचायत स्थित हैंडपंप से लंबी दूरी तय कर पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया परंतु उन्हें केवल आश्वासन ही मिला और आज तक शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी।

**संक्रमण का खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या थी वहीं सोलर पंप के खराब होने पर समस्या ज्यों की त्यों बरकरार है। बरसात के मौसम में कुएं और बोरिंग का पानी पीने योग्य नहीं होता बावजूद इसके पानी से पेयजल सहित निस्तारण के लिए उपयोग करते है। जबकि पानी दूषित होता है और पानी को बिना उबाले पीने से डायरिया, पीलिया सहित अन्य बीमारी फैलने का भी खतरा होता है। सोलर पंप खराब होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**आंदोलन करने की चेतावनी**

युवा कांग्रेस प्रदेश सह संयोजक राम सुम सुंदर मरकाम ने कहा कि ग्राम पंचायत गोविंदपुर में पेयजल की समस्या गर्मी से है लेकिन आज तक न तो उप स्वास्थ्य केन्द्र समीप फटे पानी टंकी को बदला गया और न हीं पीपरपारा स्थित खराब सोलर पंप की मरम्मत की गई। ऐसे में उप स्वास्थ्य केन्द्र आने वाले मरीजों के अलावा पंचायत क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मरकाम ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत नहीं मिली तो युवा कांग्रेस आंदोलन की राह अपनाएगी।



## जगराता में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

सिद्धिविनायक सार्वजनिक गणेश पूजन आयोजन समिति के तत्वाधान में बीती रात जगराता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान वर्ष में एक बार ही नहीं अपितु अपने अपने घरों पर करते रहना चाहिए। पूजा पाठ से मन पवित्र होता है। क्षेत्र में इस प्रकार की धार्मिक अनुष्ठान व्यस्त जीवन में हमें सामाजिक समरसता और एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्राप्त होता है। हम सभी को हिंदू सभ्यता के अनुसार प्रत्येक दिन अपने घरों में भी पूजा पाठ करना चाहिए। जिससे हम जीवन में विपरीत परिस्थितियों में भी ईश्वरीय कृपा से सफल होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना की। श्री सिद्धिविनायक सार्वजनिक गणेश पूजन आयोजन समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय गणेश पूजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बीती रात अंजली यादव एवं ग्रुप द्वारा जगराता कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जगराता कार्यक्रम में ग्रुप के गायकों द्वारा भगवान गणेश एवं देवी जस गीत गाकर पूरी रात समा बांधे रहा। जस गीतों पर उपस्थित महिलाएं पुरुष झूमते नजर आए। आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष स्टेज निर्माण एवं सौंदर्यीकरण हेतु मांग रखा गया, जिस पर मुख्य अतिथि ठाकुर राजवाड़े ने सहयोग राशि के रूप में दस हजार रुपए राशि प्रदान कर परिसर में मंच निर्माण हेतु जल्द ही सकारात्मक आश्वासन दिया। इस दौरान जिपं सदस्य किरण सिंह केराम, सरपंच निरुपा सिंह, संजू सिंह टेकाम, अमर साय राजवाड़े, श्रीराम कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, महेश कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, दुर्गा साहू, समिति के अध्यक्ष प्रज्ञा कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, विकास कुशवाहा, अजय साहू, नीरज, जतिन, संजोग, नीरज, वैभव, गौरव, आयुष, किशन व अन्य उपस्थित रहे।

## मध्यान्ह भोजन के लिए रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण



**लखनपुर।** बच्चों को गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन प्रदान करने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी निर्देश के तहत सोमवार को विकासखंड अंतर्गत मध्यान्ह भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों का प्रशिक्षण बीईओ कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में रसोइयों ने रुची के साथ उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम बीईओ देव कुमार गुप्ता एवं बीआरसी दीपेश पांडेय द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाते समय किस प्रकार सावधानियां बरती जाए, किसी प्रकार की घटना घटित न हो एवं किचन की साफ सफाई, मसालों के रखरखाव, कुकर का इस्तेमाल करने के पूर्व अच्छे से साफ करने के बाद ही उपयोग करें इत्यादि जानकारी दी गई। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने रसोइयों से कहा गया कि विद्यालय के बच्चो को अपना बच्चा समझ कर गरम एवं पौष्टिक भोजन खिलाएं जिससे बच्चो की उपस्थिति में वृद्धि हो। इस दौरान मास्टर ट्रेनर अरविंद गुप्ता द्वारा गुणवत्ता युक्त मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारियां रसोइयों को दी गई।

## मेरा रेशम मेरा अभिमान के तहत किसानों को दी गई विभिन्न जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केन्द्रीय रेशम बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ शासन के रेशम विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 28 से 30 अगस्त तक जिले में मेरा रेशम मेरा अभिमान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य रेशम उद्योग में उत्पादकता और लाभप्रदता को बढ़ाना है, जिससे किसान वैज्ञानिक पद्धतियों और उन्नत तकनीकों को अपनाएं और एक अधिक लचीला एवं टिकाऊ रेशम उत्पादन तंत्र विकसित किया जा सके।

अभियान अंतर्गत जिले के तीन गांवों में दो जागरूकता कार्यक्रम और एक फील्ड डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। 28 अगस्त को ग्राम मंगरी में सील कृमि पालन तकनीकों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें उन्नत शहतूत किस्में, उच्च उपज देने वाली सील कृमि नस्लें, आधुनिक पालन तकनीक, कीट एवं रोग नियंत्रण उपाय, चॉकी पालन की अवधारणा और बेहतर कोकून उत्पादन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। 29 अगस्त को लक्ष्मणगढ़ में शहतूत की खेती एवं प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को चॉकी उद्यान के महत्व, पौधों की उचित दूरी, मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरक के प्रयोग, पत्तियों की कटाई और उनके संरक्षण की वैज्ञानिक विधियों के बारे में बताया गया। 30 अगस्त को लमगांव में शहतूत तकनीकों पर एक फील्ड डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया, जिससे रोग मुक्त वातावरण में सील कृमि पालन के लिए नवीन वैज्ञानिक विधियों एवं तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रमों में 250 से अधिक किसानों ने भाग लिया और वैज्ञानिक रेशम पालन की विधियों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. यल्लप्पा हरिजन, डॉ. आईके बगरी, एके सिन्हा, एलपी बार्या, अनुराग सोनी, एचएस जायसवाल, अरविंद दास, श्रीमती कमलावती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।





### भंडारा मे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**मानीचौक।** रॉयल क्लब गणेश पूजा समिति सपकरा द्वारा भंडारे का आयोजन किया किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रॉयल क्लब गणेश पूजा समिति सपकरा द्वारा प्रत्येक वर्ष सपकरा मुख्य मार्ग किनारे सात दिवसीय गणेश पूजा कराया जाता है। इस बीच सातो दिन खीर पुड़ी, और खिचड़ी भोग का आयोजन किया जाता है। गत दिन सुबह से शाम तक खिचड़ी भोग का आयोजन कराया जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया वहीं समिति के सभी कार्यकर्ता सक्रिय रहे है। समिति के मुकेश राजवाड़े ने बताया कि दो सितंबर को गाजे बाजे के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद विघ्नहर्ता की मूर्ति का विसर्जन उतर वाहिनी रेणुका नदी में की जाएगी। इस दौरान समिति के शनि राजवाड़े, रामचंद्र, गीता, प्रीतम, रानी, सोमवती, गोल्डन, रोशन, प्रेम प्रकाश, गोपाल, वर्षा, भानु सहित समिति के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वन संरक्षण व संवर्धन को लेकर ग्रामीणों की विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक



**बिश्रामपुर।** ग्राम पार्वतीपुर स्थित मोरिंगा प्रसंस्करण केंद्र में रविवार को ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और वन अधिकारियों की मौजूदगी में एक बैठक आहूत की गई।उक्त बैठक में वनों के संरक्षण, प्रबंधन और संवर्धन पर गहन मंथन किया गया,बैठक की अध्यक्षता उपवनमंडलाधिकारी सूरजपुर अशोक कुमार तिवारी ने की, यहाँ पर उपवनमंडलाधिकारी अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि जंगल न सिर्फ पर्यावरणीय संतुलन के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था और आजीविका का भी आधार हैं,ग्रामीणों के जीवन में महुआ, तेंदूपत्ता, चार, हर्रा-बहेरा और साल बीज जैसे लघु वनोपज आमदनी का मुख्य साधन रहे हैं,यदि इन संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन सामूहिक प्रयास से किया जाए तो गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पलायन भी रुकेगा,पौधरोपण की महत्वता की समझाईश देते हुए कहा कि हर पंचायत और समिति को लक्ष्य निर्धारित कर पौधे लगाने और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी उठानी चाहिए,बैठक में उपस्थित सरपंचों और वन समिति अध्यक्षों ने भी अपनी बात रखी, प्रतिनिधियों ने कहा कि जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने के लिए ग्राम स्तर पर निगरानी दल बनाए जाएं,ग्रामीणों को लकड़ी के विकल्प जैसे गैस कनेक्शन,बायो ब्रिकेट्स और सोलर ऊर्जा उपलब्ध कराई जाए,ताकि ईंधन के लिए जंगलों पर दबाव कम हो,वन उत्पादों के संरक्षण व मूल्य संवर्धन पर काम हो,ताकि ग्रामीणों को उचित दाम मिल सके, पंचायत स्तर पर बच्चों और युवाओं को वन संरक्षण की शिक्षा दी जाए, उपवनमंडलाधिकारी श्री तिवारी ने जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वन विभाग स्थानीय पंचायतों और समितियों के साथ मिलकर हर पंचायत हरा-भरा अभियान चलाएगा,इस अवसर पर वनपरिक्षेत्राधिकारी सूरजपुर के अलावा जयनगर के सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी धीरेन्द्र सिंह, उड़नदस्ता प्रभारी, कसकेला, लटोरी और जयनगर सर्किल के वन अमले के साथ व अन्य उपस्थित थे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ.चन्द्रशेखर उपाध्याय<br>हड्डी रोग विषेशज्ञ | डॉ. ओम प्रकाश पंडित<br>हड्डी रोग विषेशज्ञ |
| डॉ. प्रवीन कुमार सिंह<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन | डॉ. मनोज भारती<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन |
| डॉ. संदीप गुप्ता<br>शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ | डॉ. संगिता भारती<br>चर्म रोग एवं सौन्द्रर्य विषेशज्ञ |
| डॉ. आयुशी गुप्ता<br>न्युरो (पेन फिजिशियन) | डॉ. राहूल शामकांत जाधव<br>एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट |
| डॉ. मीना राव<br>आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट | डॉ. सुरभि<br>दंत एवं मुख विषेशज्ञ |
| डॉ. हेमलता साहू<br>फिजियोथैरेपी | तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर<br>1.5 TESLA MRI |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9828183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालज्ञ स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

## खबर संक्षेप



### गणेश विसर्जन में अश्लील गानों पर रोक लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सोनगरा।** गणेश विसर्जन के दौरान डीजे में अश्लील गानों पर रोक लगाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शशि रंजन सिंह ने कलेक्टर एवं एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता शशि रंजन सिंह ने बताया है कि गणेशोत्सव के अंतिम चरण गणेश विसर्जन के दौरान विभिन्न समिति द्वारा झांकी के साथ रैली निकाली जाती है। पिछले कुछ वर्षों में विसर्जन जुलूसों में तेज डीजे, फिल्मी और अश्लील गाने बजाए जाने की प्रवृत्ति देखने को मिली है, जो कि पूरी तरह गलत है। इससे न सिर्फ धार्मिक माहौल दूषित होता है, बल्कि समाज में गलत संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश की आराधना भक्ति भाव से की जानी चाहिए और विसर्जन यात्रा में सिर्फ भजन, स्तुति, चौपाई और पारंपरिक धार्मिक गीत ही बजना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गणेश विसर्जन के दौरान कड़ी निगरानी रखी जाए और यदि किसी समिति या व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन कर अश्लील गाने बजाते हैं तो उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इस दौरान विकेश जायसवाल, राजेश सिंह मोनू, अमित सिंह, प्रकाश गुप्ता एवं हिंदू संगठन के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बिना पिट पास परिवहन पर पकड़े गए तीन हाइवा



**राजपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देश पर राजपुर में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में बरियो नायब तहसीलदार नरेंद्र कँवर और पुलिस टीम ने संयुक्त बगैर पिट पास के परिवहन करते हैं तीन हाईवा को पकड़ा गया है। बरियो नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने बताया कि सोमवार की राजस्व एवं पुलिस की टीम ने सिधमा रोड में दो हाइवा और बरियो पुलिस चौकी के सामने मुख्य मार्ग एक हाइवा को पकड़ा गया है। वाहनों में खनिज परिवहन बिना पिट पास के किया जा रहा था। पूछताछ में तीनों हाईवा चालक कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाए ऐसे में वाहनों को जब्त कर चौकी में खड़ा कराया गया है।

### चंगाई के नाम पर धर्म परिवर्तन करने वाले पर प्रशासन ने की कार्रवाई



**कुसमी।** विकासखंड के इदरी में ईश्वरीय लाल खलखो द्वारा इरनियुष बिरजिया के घर में पहुंच कर बिना किसी अनुमति के रविवार को चंगाई के नाम पर धर्म परिवर्तन करा रहा था। घटना की जानकारी लगते ही युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री भाजपा अंकुश सिंह सहित हिंदू युवा कार्यकर्ताओं द्वारा मौके पर पहुंच कर प्रशासन को जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसडीएम करुण डहरिया, एसडीओपी इमानुएल लकड़ा सहित सामरी पुलिस बल मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम करुण डहरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। इस प्रकार की सभा करने कोई अनुमति नहीं ली गई थी, इस मामले में सामरी पुलिस द्वारा जांच करने उपरांत उचित कार्रवाई की जा रही है ।

## पेज 1 के शेष...

### सैनिक स्कूल में धूमधाम से...

एस्ट्रोटर्फ मैदान के निर्माण का वचन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल तथा सांसद चिंतामणि महाराज ने भी अपने संबोधन में विद्यालय की भूमिका को सराहा और इसके कैडेटों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को सैनिक अनुशासन के अनुरूप सलामी दी गई। इसके पश्चात देवी सरस्वती के आशीर्वाद स्वरुप दीप प्रज्वलन की रस्म निभाई गई। साथ ही स्थापना दिवस की परंपरानुसार केक काटा गया। इस ऐतिहासिक दिन पर सैनिक स्कूल अंबिकापुर के 17वें स्थापना दिवस और छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती का संयुक्त उत्सव एक अद्वितीय सांस्कृतिक और भावनात्मक संगम बन गया। राज्य की गौरवशाली यात्रा और सैनिक स्कूल की अनुशासित शैक्षणिक परंपरा एक साथ मंच पर आलोकित हुईं। सैनिक स्कूल के कैडेटों ने एक शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमे उन्होंने देशभक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, मूक अभिनय और सबसे बढ़कर महाभारत की नाट्य गीत प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। किड्स अम्बिकन प्राइमरी स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत नृत्य इस कार्यक्रम का एक अन्य आकर्षण रहा। इस दौरान लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. पी श्रीनिवास एवं प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## तेज बुखार के साथ शरीर में बन रही गांठें

# पालतू मवेशियों में तेजी से बढ़ रहा लंपी वायरस का संक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में लम्पी वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है तथा वायरस से न केवल शहर बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के पालतू मवेशी तेजी से संक्रमित हो रहे हैं। जिस तेजी से मवेशियों में संक्रमण बढ़ रहा है जल्द संक्रमण रोकने की पहल नहीं की गई तो पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**खास बात**
- आवारा मवेशियों से फैल रहा वायरस

दो साल के अंतराल के बार एक बार सरगुजा में लंपी वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि यह वायरस संक्रमित पशुओं के संपर्क में आने से फैलता है। संक्रमण किस इलाके के पशुओं के माध्यम से पहुंचा इसकी जानकारी तो अभी तक नहीं मिल पाई है लेकिन माना जा रहा है कि दूसरे राज्य के मवेशियों के माध्यम से वायरस की सरगुजा में एन्ट्री हुई होगी। एक पखवाड़े पूर्व से शहर की सड़कों पर घूमने वाले पशुओं में संक्रमण देखा गया था। अब न केवल शहर बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मवेशियों के संक्रमित होने की लगातार सूचनाएं मिल रही है। संक्रमित मवेशियों के शरीर में दाने निकल रहे हैं तथा जगह-जगह गांठें बन जा रही हैं। संक्रमित मवेशियों को तेज बुखार हो जा रहा है जिसके कारण मवेशी चारा-पानी छोड़कर निढाल हो जा रहे हैं। संक्रमा से दूसरे मवेशी प्रभावित न हों इसका एकमात्र उपाय टीकाकरण है। पशुपालन विभाग के अधिकारी संक्रमण की रोकथाम के लिए हर औषधालय को एंटी लंपी वायरस टीका उपलब्ध कराने एवं रोकथाम के लिए पशु चिकित्सकों को स्वस्थ मवेशियों का टीकाकरण करने के निर्देश जारी करने का दावा कर रहे हैं लेकिन अभी कहीं भी टीकाकरण प्रारंभ नहीं किया गया है। पशुपालकों का कहना है कि संक्रमित मवेशियों के शरीर में बनी गांठों के फटने पर घाव में कीड़े विकसित हो जा रहे हैं तथा मवेशियों का लम्बा उपचार करना पड़ रहा है। संक्रमित मवेशी चारा-पानी ना बंद कर दे रहे हैं जिससे काफी कमजोर हो जा रहे हैं। दुधारू मवेशियों ने संक्रमित होने के बाद दूध देना बंद कर दिया है पशुपालकों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है। मवेशियों का दूध बंद होने से पशुपालकों की आय बंद हो गई है वहीं संक्रमित मवेशियों के इलाज पर उन्हें भारी भरकम खर्च करना पड़ रहा है।



लंपी वायरस से ग्रस्त गाय।

### जिले में 4 हजार पालतू मवेशी

पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार सरगुजा में 4 हजार पालतू मवेशी हैं जिनके संक्रमित होने का खतर है। पशुचिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संक्रमण की रोकथाम के लिए विभाग के पास 1 लाख 5 हजार टीका उपलब्ध हैं। आवश्यकता के अनुसार जिले के सभी पशु औषधालयों को टीका उपलब्ध करा दिया गया है। दूसरी तरफ जानकारों का कहना है कि संक्रमण की रोकथाम के लिए शीघ्रतापूर्वक आधे पशुओं का टीकाकरण करना जरूरी है। संक्रमित मवेशियों को टीका नहीं लगाया जाता। उपचार उपरांत उनके स्वस्थ होने पर टीका लगाया जाता है। संक्रमण की रोकथाम के लिए संक्रमित मवेशियों को अलग रखना भी जरूरी है। पशुपालकों की असावधानी के कारण भी संक्रमण फैल रहा है।

### दो साल पहले बनी थी खतरनाक स्थिति

दो साल पूर्व सरगुजा में लंपी वायरस की एन्ट्री बहुत ही खतरनाक तरीके से हुई थी, दूसरे राज्यों के पशुओं के माध्यम से संक्रमण का फैलाव शुरू हुआ था पूरे संभाग भर के मवेशियों को प्रभावित किया था। तब विभाग के पास टीका भी उपलब्ध नहीं था जिसके कारण हाजारों मवेशी संक्रमित हो गए थे तथा पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी थी। अधिकारी विभाग के पास पर्याप्त टीका उपलब्ध होने का दावा कर रहे हैं।

### किया जा रहा टीकाकरण

विभाग के पास लंपी वायरस की रोकथाम के लिए पर्याप्त 1.05 लाख टीका उपलब्ध है। जिले के सभी औषधालयों को टीका उपलब्ध करा दिया गया है तथा तत्काल पशुओं का टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

-आरपी शुक्ला
प्रभारी उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग

# कुम्दा रेलवे साइडिंग से ओवर हेड तार चोरी मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करीब एक माह पूर्व कुमदा साइडिंग में लगे रेलवे के उपस्कर ओवर हेड तार चोरी मामले में शामिल दो आरोपियों को आरपीएफ अंबिकापुर की टीम ने पकड़कर दोनों के खिलाफ 3 एआर पीयूपी एक्ट की कार्रवाई कर रेलवे के स्पेशल कोर्ट बिलासपुर में पेश किया गया,जहां दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।रेल पुलिस बल अंबिकापुर थाना प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि गत तीन जुलाई को कुमदा साइडिंग के लिए बिछी रेल लाइन के ऊपर लगे बेशकीमती ओवर हेड तार को अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में काट दिए जाने की सूचना पर आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और आस पास तलाशी अभियान चलाया तो कुछ दूरी पर कटा तार लगभग चालीस मीटर पड़ा मिला जिसे आरपीएफ ने जप्त कर उक्त मामले में आरोपियों की पता तलाश के लिए आरपीएफ की टीम लगातार जुटी हुई थी।इस दौरान एसईसीएल के खदानों में कई बार केबल चोरी की वारदात में शामिल आदतन कबाड़ केबल चोर संतोष सिंह उर्फ गुड मार्निंग पिता ललन सिंह 22 वर्ष और कमलेश पिता सुखलाल सिंह 23 वर्ष दोनों निवासी कुमदा बस्ती को पकड़ कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।रेलवे पुलिस की इस धरपकड़ में अगस्त माह में एसईसीएल के कुमदा 7-8 खदान के बूम बैरियर से एसी चोरी के मामला भी खुलासा हो गया एसी चोरी मामले में शामिल दो आरोपियों से जरूरी पूछताछ के बाद आरपीएफ ने दोनों को बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया है,आरपीएफ की इस कार्यवाही में अंबिकापुर रेल थाना प्रभारी सुनीता मिंज और उनकी टीम सक्रिय रही।

- आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को विशेष अदालत बिलासपुर किया पेश,भेजे गये जेल

### घंटो इंतजार के बाद जनदर्शन से निराश लौटे ग्रामीण

**भैयाथान।** कलेक्टर द्वारा दो माह पूर्व अनुविभागीय राजस्व कार्यालय में जनदर्शन आयोजित करने निर्देशित किया गया था, लेकिन अनुविभागीय कार्यालय का जनदर्शन अधिकारी-कर्मचारी की अनुपस्थिति में मजाक बन कर रह गया है। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में दोपहर 12 से 2 बजे तक लगने वाले जनदर्शन में 1.30 बजे तक कोई भी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। एसडीएम कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही से यह व्यवस्था मजाक बनकर रह गई है। निर्धारित समय पर न तो एसडीएम और न ही अन्य कर्मचारी कार्यालय में मौजूद रहते हैं। हालात यह है कि दूर-दराज से अपनी फरियाद लेकर आने वाले लोगों द्वारा घंटों इंतज़ार करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो पाती तथा वे मायूस होकर लौट जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब अधिकारी-कर्मचारी ही अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं हैं, तो जनदर्शन जैसी व्यवस्था का औचित्य ही नहीं है। यह शासन की मंशा और जनता की उम्मीदों के साथ धोखा है।

इस संबंध में कलेक्टर एस जयवर्धन ने बताया कि एसडीएम किसी मामले की जांच को लेकर ओडगी बिहारपुर गई है। नायब तहसीलदार को जनदर्शन आयोजित कराने के लिए कहा गया था। जनदर्शन आयोजित नहीं हुई है तो जांच करवाऊंगा।

# जर्जर सड़कों और खस्ताहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की जर्जर सड़क और ननि की कार्यशैली को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को मोर्चा खोल दिया। जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर के जयस्तंभ चौक पर आम सभा के बाद रैली निकाली गई। रैली उपरान्त मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया और सड़क मरम्मत व बारिश थमते ही डामरीकरण की मांग की गई।

- धरना प्रदर्शन के बाद निकाली रैली, सीएम ने नाम सौंपा ज्ञापन, ननि सरकार पर साधा निशाना

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि नगर निगम की महापौर अपनी अक्षमता छिपाने के लिए नए नए बहाने बनाती हैं। हकीकत यह है कि कमीशनखोरी के फेर में तीन बार टेंडर रद्द किए गए। यह सरकार वोट चोरी से बनी है इसलिए इन्हें भरोसा है कि जनहित का काम करें या न करें, चुनाव में चोरी से जीत ही जाएंगे। लेकिन जनता सब जानती है समय आने पर जवाब देगी। पूर्व सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कुछ दिन पहले खरसिया नाका में हमने आंदोलन किया था तब अधिकारियों ने तीन दिन में सड़क बनाने का वादा किया था। आज हम फिर से शासन को मोहलत दे रहे हैं। लेकिन आखिरी बार।अगर सड़कें नहीं बनी तो कांग्रेस का अगला आंदोलन और भी बड़ा होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि शहर की समस्या सिर्फ सड़क और सफाई तक सीमित नहीं है। किसान समितियों से खाद नहीं मिलने के कारण परेशान हैं। यह सरकार किसानों की भी विरोधी है। इसके अलावा, निगम चुनाव का मतदान केन्द्रवार अधिकृत परिणाम अब तक घोषित नहीं हुआ है। यह लोकतंत्र के साथ मज़ाक है और जनता को अंधेरे में रखने की साजिश है। सभा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, नुरुल अमीन सिद्दीकी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा सोनी, इरफान सिद्दीकी, रशीद अंसारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमोद चौधरी, विकल झा, रजनीश सिंह, नितीश चौरसिया, सतीश बारी, निक्की खान, आतिफ रजा, शुभम जायसवाल, मिथुन सिंह, बनाफर सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश गुप्ता और आभार प्रदर्शन लवकेश पासवान ने किया। इस अवसर पर विनय शर्मा, मो इस्लाम, राम विनय सिंह, मदन जायसवाल, हेमंत तिवारी, संजीव मंदिलवार, अशफाक अली, मेराज रंगरेज, शंकर प्रजापति, चन्द्र प्रकाश सिंह, जीबन यादव, इंद्रजीत सिंह धंजल, बाबर इदरीसी, रियाजुल, दिनेश शर्मा, अनिल सिंह, विष्णु सिंह देव, आलोक सिंह, विकास केसरी, प्रीति सिंह, रश्मि सोनी, आरती महंत, जावेद खान, परवेज आलम, सिप्पू सिंह आदि मौजूद थे।



### सड़क पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा : शफी

ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा सड़को की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि गड्ढों से भरी सड़क पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। भाजपा के जनप्रतिनिधि जनता की तकलीफों से बेपरवाह हैं। जनता ने पार्षद से लेकर सांसद तक भाजपा को बहुमत दिया लेकिन बदले में आपको मिला क्या सिर्फ उपेक्षा। मुख्यमंत्री ने निगम की सड़कों के डामरीकरण के लिए 20 करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी। जनता ने उस पर भरोसा किया और भाजपा को निगम में बड़ा जनमत दिया मगर आज तक एक गड्ढा भी नहीं भरा गया। नेता प्रतिपक्ष के नाते मैंने निगम में आश्रय योजना में जमा 2 करोड़ रुपये से सड़क मरम्मत का सुझाव दिया था। सांसद निधि, विधायक निधि, मेयर निधि और पार्षद निधि से थोड़ी-थोड़ी राशि दे दी जाती तो भी हालात सुधर सकते थे। लेकिन यहां तो किसी को जनता की चिंता ही नहीं। सामान्य सभा की बैठक तक नहीं हो रही है, जबकि नियम है कि हर दो महीने में बैठक अनिवार्य है। इससे साफ है कि भाजपा के लोग जनता के सवालों से भाग रहे हैं।

# रामगढ़ पर्वत और सरगुजा के पर्यावरण को बचाने निर्णायक पहल की जरूरत



**अंबिकापुर।** रामगढ़ पहाड़ पर मंडरा रहे संकट को लेकर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। केंते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक को वनविभाग की अनुज्ञा और इस खदान की वजह से सरगुजा की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर रामगढ पर्वत पर उत्पन्न होने वाले संकट को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने तथ्यों के साथ सीएम विष्णुदेव साय को 6 पृष्टों का पत्र प्रेषित किया है। डीएफओ सरगुजा द्वारा इस खदान को स्वीकृति देने के लिये जिस 10 बिंदु के स्थल प्रतिवेदन को तैयार किया गया है, उसे शासकीय रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों से खंडित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से प्रभु श्री राम के वनवास काल से जुड़े इस महत्वपूर्ण स्थल को बचाने की भावनात्मक अपील इस पत्र के माध्यम से की है। अपने पत्र में श्री सिंहदेव ने बताया कि रामगढ पर्वत न केवल प्रभु श्री राम से जुड़ा है साथ ही साथ यहां संरक्षित धरोहर सीता बेंगरा और जोगीमारा गुफा के साथ विश्व की प्राचीन नाट्यशाला है। इस क्षेत्र का अपना एक पर्यावरणीय प्रभाव और वन्यजीव का आवासीय स्थल है जो इस खदान के 10 किमी के दायरे में है। इस क्षेत्र के उपरोक्त धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान रख राजस्थान राज्य विद्युत निगम के द्वारा किए गए सर्वे में इसे केंते एक्सटेंशन खदान के 10 किमी की परिधि में बताया था। इसका जो जीपीएस लोकेशन जिसे राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है, जिसे गूगल अर्थ से भी सत्यापित किया जा सकता है से अलग जीपीएस लोकेशन बतला कर वन विभाग सरगुजा ने खदान के 11 किमी की परिधि से बाहर बताया है जो गलत है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में केंते एक्सटेंशन खदान को खोले जाने के खिलाफ छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित संकल्प का भी ध्यान दिलाया जिसे भाजपा के विधायकों ने भी समर्थन किया था। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से रामगढ़ पर्वत और सरगुजा के पर्यावरण को बचाने के लिए निर्णायक पहल कर निर्णय लेने की मांग की है।

- पूर्व डिप्टी सीएम ने मुख्यमंत्री को लिखा 6 पन्नों का पत्र, दी तथ्यात्मक जानकारी

### राम मंदिर का जिक्र ही नहीं

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि वन विभाग ने अपनी रिपोर्ट में रामगढ पर्वत पर मौजूद राममंदिर का जक्रि नहीं किया है। अपनी रिपोर्ट में वनविभाग ने यह तथ्य भी छुपाया है कि इस खदान के 10 किमी के दायरे में लेमरू प्रोजेक्ट भी है जिसकी स्थापना यहां मानव हाथी संघर्ष को रोकने के लिए की जा रही है, जिससे प्रतिवर्ष सैकड़ों लोगों को जान से हाथ धोना पड़ रहा है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि इस क्षेत्र में मौजूद पारस कोयला खदान राजस्थान राज्य विद्युत विभाग के 4350 मेगावाट के विद्युत संयंत्र में कोल आपूर्ति के लिए खोला गया था। इस खदान में अभी भी 350 मिलियन टन कोयला मौजूद है जो राजस्थान राज्य विद्युत आपूर्ति निगम के उपरोक्त पावर प्लांट की आगामी 20 साल की जरूरत को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त है। फिर नये खदान को खोल सरगुजा की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत पर प्रहार करने औचित्य पर उन्होंने सवाल उठाया है।

# ट्रक मालिक की फांसी, डीजीएमएस ने सब एरिया मैनेजर को किया तलब

**बिश्रामपुर।** रविवार की सुबह तड़के आमगांव खदान परिसर में खड़ी ट्रक में फंदे से लटककर ट्रक मालिक मनोज जाट द्वारा आत्महत्या कर लेने की घटना के बाद डीजीएमएस ने आमगांव सब एरिया मैनेजर विजय कुमार को रायगढ़ तलब कर स्पष्टीकरण माँगा है,प्राप्त जानकारी अनुसार आमगांव आत्महत्या घटना पश्चात सब एरिया मैनेजर आमगांव विजय कुमार अपने वाहन से रायगढ़ डीजीएमएस रिजनल कार्यालय रिपोर्ट करने सोमवार की सुबह निकले हैं,गौरतलब है कि आमगांव फांसी मामले में खदान मैनेजर व बूम बैरियर क्लर्क की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है,बता दें कि रविवार की सुबह तड़के जांजगीर निवासी मनोज जाट नामक ट्रक मालिक ने काफी प्रताड़ना सहने के बाद आखिरकार अपनी जिंदगी से थक हारकर गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक मनोज के फांसी लगाने के मुख्य कारण पारिवारीक हादसा,गाड़ी की किश्तों का टूटना और खदान प्रबंधन द्वारा कोयला लोडिंग के लिए लम्बे समय तक प्रताड़ति करना मुख्य वजह बताया जा रहा है,मनोज जाट ने अपने आप को चारों तरफ से प्रताड़ति होता देख, दुःखी होकर व अपनी जिंदगी से तंग आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली,फिलहाल रामानुजनगर पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### गाड़ी को किया गया था शॉर्ट टाइम स्टेप ब्लॉक दो हफ्ते तक नहीं करने दी गई कोल लोडिंग

प्राप्त जानकारी अनुसार खदान मैनेजर गणेश कुम्हार द्वारा मृतक की गाड़ी को शॉर्ट टाइम स्टेप ब्लॉक किया गया था,बता दें कि स्टेप ब्लॉक मात्र 48 घंटों के लिए गाड़ी चालकों के अनुशासनात्मक दृष्टि के लिए किया जाता है जिससे गाड़ी चालक कोई कार्य में लापरवाही ना करें,लेकिन मनोज जाट वाले मामले में करीब दो हफ्ते तक ट्रक को स्टेप ब्लॉक में ही रखा गया, इतनी लम्बी अवधि तक ट्रक को स्टेप ब्लॉक में रखना ही संदिग्ध प्रतीत होता है,प्राप्त जानकारी अनुसार बूम बैरियर के क्लर्क द्वारा मनोज जाट से स्टेप ब्लॉक खुलवाने के नाम पर लगातार पैसों की मांग की जा रही थी,पैसों की व्यवस्था नहीं हो पाने से मनोज की गाड़ी करीब दो हफ्ते तक कोल लोडिंग नहीं ले पाई एवं परिसर में ही खड़ी रही,इसके अलावा गाड़ी की किश्त टूट जाने से भी रिकवरी एजेंट मनोज जाट को फ़ोन पर गाड़ी खिंच ले जाने की बात कहकर धमकाते थे, उक्त मामले में आमगांव खदान मैनेजर गणेश कुम्हार से फोन पर बातचीत करने पर उनके द्वारा इस मामले में अभी कुछ भी कहने से मना कर दिया गया है।

### मारपीट मामले में चार वर्षों से फरार चल रहा स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** मारपीट व जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में चार वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कैलाशपुर निवासी ऋषि उर्फ सहेंद्र पिता कवलसाय के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में चार वर्षों से फरार रहने पर सुरजपुर न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था जिस पर फरार वारंटी ऋषि उर्फ सहेंद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया गया है।उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक दीपक दुबे, आरक्षक शुभकार पांडेय सक्रिय रहे।

# ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 46 चालकों के लाइसेंस निलंबित



**सूरजपुर।** परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा अब तक कुल 78 प्रकरणों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की अनुशंसा जिला परिवहन कार्यालय को प्राप्त हुई है। शराब पीकर वाहन चलाना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक ड्राइविंग, मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना, सिग्नल जंप करना सहित मोटरयान अधिनियम की अन्य धाराओं का उल्लंघन शामिल है। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 46 लाइसेंस धारकों के ड्राइविंग लाइसेंस को तीन-तीन माह के लिए निलंबित किया गया है। 8 प्रकरणों को संबंधित परिवहन कार्यालयों में अग्रेषित कर दिया गया है। शेष 24 प्रकरणों में चालकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि संबंधित वाहन चालक निर्धारित तिथि तक संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की अंतिम कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
13 नवंबर, 18 दिसंबर 2025, 15 जनवरी, 12 फरवरी 2026
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411